# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## Three students got employment in prestigious government institutions

**Newspaper: Aaj Samaj** **Date: 07-07-2023**

# हकेवि तीन विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित सरकारी संस्थानों मिला रोजगार

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के बी.टेक. प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग के तीन विद्यार्थियों को देश की प्रतिष्ठित सरकारी संस्थानों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विद्यार्थियों के पब्लिक सेक्टर एंटप्राइजेज में प्लेसमेंट पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के क्षेत्र में रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय की अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पीठ के अधिष्ठाता डॉ. फूल सिंह ने बताया कि बी.टेक. प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी के तीन विद्यार्थियों कृष्णा मूर्ति कुमार, भानू प्रकाश व शिवम सैनी को देश की प्रतिष्ठित संस्थानों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। इनमें कृष्णा मूर्ति कुमार व भानू कुमार का चयन चलार्थ पत्र मुद्रणालय में तथा शिवम सैनी का चयन भारत प्रतिभूति मुद्रणालय, महाराष्ट्र में हुआ है। उन्होंने बताया कि तीनों विद्यार्थियों का चयन आई.बी.पी.एस. द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा की मेरिट के आधार पर हुआ है। यहां बता दें कि भारत प्रतिभूति मुद्रणालय व चलार्थ पत्र मुद्रणालय भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड की इकाई है, जो भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन है। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए विभाग के प्रभारी संदीप बूरा, शिक्षक शम्मी, तरुण सिंह व ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के समन्वयक अनिल कुंडु ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 07-07-2023**

## तीन छात्रों का सरकारी संस्थानों में चयन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि) महेंद्रगढ़ के बीटेक प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग के तीन विद्यार्थियों को देश की प्रतिष्ठित सरकारी संस्थानों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने पब्लिक सेक्टर एंटप्राइजेज में प्लेसमेंट पाने वाले विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

विश्वविद्यालय की अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पीठ के अधिष्ठाता डॉ. फूल सिंह ने बताया कि बीटेक प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी के तीन विद्यार्थियों कृष्णा मूर्ति कुमार, भानू प्रकाश और शिवम सैनी को देश की प्रतिष्ठित संस्थानों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। इनमें कृष्णा मूर्ति कुमार व भानू कुमार का चयन चलार्थ पत्र मुद्रणालय में और शिवम सैनी का चयन भारत प्रतिभूति मुद्रणालय महाराष्ट्र में हुआ है। उन्होंने बताया कि तीनों विद्यार्थियों का चयन आईबीपीएस द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा की मेरिट के आधार पर हुआ है। यहां बता दें कि भारत प्रतिभूति मुद्रणालय व चलार्थ पत्र मुद्रणालय भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड की इकाई है, जो केंद्र सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन है। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए विभाग के प्रभारी संदीप बूरा, शिक्षक शम्मी, तरुण सिंह व ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के समन्वयक अनिल कुंडु ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संवाद

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 07-07-2023**



शिवम। भानू प्रकाश। कृष्णा मूर्ति।

## प्रतिष्ठित संस्थानों में चुने गए हकेंवि के 3 छात्र

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के बीटेक. प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग के तीन विद्यार्थियों को देश की प्रतिष्ठित सरकारी संस्थानों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विद्यार्थियों के पब्लिक सेक्टर एंटप्राइजेज में प्लेसमेंट पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग में रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध हैं। विवि की अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पीठ के अधिष्ठाता डॉ. फूल सिंह ने यह जानकारी दी।

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 07-07-2023**

# हकेंवि 3 विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित सरकारी संस्थानों मिला रोजगार





भानू प्रकाश। कृष्णा मूर्ति। शिवम।

**महेंद्रगढ़ (परमजीत, मोहन):** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ के बी.टैक. प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी विभाग के 3 विद्यार्थियों को देश की प्रतिष्ठित सरकारी संस्थानों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने पब्लिक सैक्टर एंटप्राइजेज में प्लेसमैंट पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग के क्षेत्र में रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध हैं।

विश्वविद्यालय की अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी पीठ के अधिष्ठाता डॉ. फूल सिंह ने बताया कि बी.टैक. प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टैक्नोलॉजी के 3 विद्यार्थियों कृष्णा मूर्ति कुमार, भानू प्रकाश व शिवम सैनी को देश की प्रतिष्ठित संस्थानों में रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। इनमें कृष्णा मूर्ति कुमार व भानू कुमार का चयन चलार्थ पत्र मुद्रणालय में तथा शिवम सैनी का चयन भारत प्रतिभूति मुद्रणालय, महाराष्ट्र में हुआ है। तीनों विद्यार्थियों का चयन आई.बी.पी.एस. द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा की मैरिट के आधार पर हुआ है।

विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए विभाग के प्रभारी संदीप बूरा, शिक्षक शम्मी, तरुण सिंह व ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल के समन्वयक अनिल कुंडु ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।